# गुरुदेव के चरणों में सौ बार नमन मेरा लिरिक्स

गुरुदेव के चरणों में,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
गुरुदेव के चरणो में,
सौ बार नमन मेरा।bd।

तर्ज – एक प्यार का नगमा।

---

कठिनाइयों के क्षण में,
प्रभु तुमने उबारा है,
बिखरे हुए जीवन को,
तुमने ही सवारा है,
प्रभु दूर किया तुमने,
मन का सब अंधेरा,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
गुरुदेव के चरणो में,
सौ बार नमन मेरा।bd।

---

आकाश से भी ऊंचा,
स्थान तुम्हारा है,
त्रिदेव से भी ज्यादा,
सम्मान तुम्हारा है,
चरणों में जगह दे दो,
जैसा भी हूं तेरा,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
गुरुदेव के चरणो में,
सौ बार नमन मेरा।bd।

---

हुआ आत्म ज्ञान हमको,
तब मैंने पहचाना,
चरणों का तेरे गुरुवर,
जग क्यूँ है दीवाना,
हम धन्य हुए गुरुवर,
पाकर के साथ तेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
गुरुदेव के चरणो में,
सौ बार नमन मेरा।bd।

---

गुरुदेव के चरणों में,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
सौ बार नमन मेरा,
गुरुदेव के चरणो में,
सौ बार नमन मेरा।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
**8839262340**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com